चिदंबरम के निशाने पर चुनाव आयोग

तमिलनाडु में बिहारियों को वोट करने का अधिकार देना गलत

फैसले पर कांग्रेस ने जताई कड़ी आपत्ति, उठाए सवाल

चेन्नई, 3 अगस्त. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी श्रमिकों को भी मतदान का अधिकार देने का चुनाव आयोग का फैसला चिंताजनक और अवैध है.

चिदंबरम ने कहा यह कदम तमिलनाडु के मतदाताओं के मनपसंद सरकार चुनने के अधिकार में घोर हस्तक्षेप होने के साथ-साथ प्रवासी श्रमिकों का भी अपमान है. एक सोशल मीडिया पोस्ट में चिदंबरम ने कहा, जहाँ बिहार में 65 लाख मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने का खतरा मंडरा रहा है, वहीं तमिलनाडु में 6.5 लाख लोगों को मतदाता के रूप में जोड़ने की खबरें चिंताजनक और स्पष्ट रूप से अवैध हैं. उन्हें स्थायी प्रवासी कहना प्रवासी श्रमिकों का अपमान है और तमिलनाडु के मतदाताओं के अपनी पसंदीदा सरकार चुनने के हक में घोर हस्तक्षेप है. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रवासी श्रमिक जैसे छठ पूजा में वापस घर जाते हैं वैसे ही वे चुनावों में मतदान के लिए गृह राज्य क्यों नहीं जा सकते. उन्होंने कहा, प्रवासी श्रमिक विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए बिहार क्यों नहीं लौटते, जैसा कि वे आमतौर पर करते हैं? क्या प्रवासी श्रमिक छठ पूजा के त्योहार के समय बिहार नहीं लौटते? जब प्रवासी श्रमिक का बिहार में घर है तो उन्हें तमिलनाडु की मतदाता सूची में कैसे जोड़ा जा सकता है? चिदंबरम ने कहा कि चुनाव आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया रोजाना ही और भी ज़्यादा अजीब होती जा रही है.

भाजपा का पलटवार, भ्रम फैला रहे तेजस्वी

भाजपा ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भ्रम फैलाने और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला करने का आरोप लगाया है. भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री यादव पर निशाना साधा. पात्रा के मुताबिक यादव ने कहा है कि बिहार की मतदाता सूची से मेरा नाम काट दिया गया है. यादव ने मोबाइल नंबर दिखाते हुए कहा कि उनकी एपिक संख्या आरएबी 2916120 है, लेकिन उसमें उनका नाम नहीं आ रहा है. श्री पात्रा ने कहा कि श्री यादव के इस आरोप के बाद चुनाव आयोग और पटना के जिलाधिकारी (डीएम) ने पूरी सच्चाई को जस का तस सामने रख दिया. भाजपा नेता ने यादव पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनका नाम मतदाता सूची से नहीं कटा है. उन्होंने कहा कि दीघा विधानसभा में उनका नाम इनरोल्ड है.

राष्ट्रपति से मिले अमित शाह

नई दिल्ली, 3 अगस्त. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में भेंट की. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की.

राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र उपयोगी

नीतीश ने आपदा प्रबंधन विभाग का किया निरीक्षण

पटना, 3 अगस्त. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गृह विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये. कुमार ने आपदा प्रबंधन विभाग तथा राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं तथा कार्य पद्धतियों की जानकारी ली.

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में वर्षापात की स्थिति, नदियों के जलस्तर तथा फसल आच्छादन की स्थिति का जायजा लिया. इस दौरान विकास आयुक्त और आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने राज्य में वर्षापात की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 24 घंटों मे राज्य में अच्छी बारिश हुई है. राज्य के 222 प्रखंडों में 25 मि.मी. अथवा इससे अधिक बारिश दर्ज की गई है.गंगा, कोशी तथा बूढ़ी गंडक नदियों का जलस्तर बढ़ा है, पानी का स्तर खतरे के निशान के आसपास है लेकिन स्थिति अभी नियंत्रण में है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र बहुत उपयोगी केन्द्र है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 24 घंटे संचालित यह केन्द्र बेहतर ढंग से कार्य कर रहा जिसका लाभ राज्य के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में अच्छी वर्षा होने से किसानों को रोपनी कार्य में फायदा हो रहा है। नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर संबंधित अधिकारी अलर्ट मोड में रहें तथा एस0ओ0पी0 के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखें.

स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र देश के नेट जीरो विजन को सशक्त बनाता है : मोदी

▸ प्रधानमंत्री मोदी ने हरित हाइड्रोजन संयंत्र को सराहा

नईदिल्ली 3 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला में देश के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र को सराहनीय प्रयास बताते हुए कहा है कि यह देश के नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है.

मोदी ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, यह एक सराहनीय प्रयास है, जो स्थिरता को बढ़ावा देता है और हमारे नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है. उन्होंने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला के एक पोस्ट के जवाब में यह प्रतिक्रिया की. प्राधिकरण ने अपनी पोस्ट में कहा है, हरित नवाचार के साथ प्रगति को गति! दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला ने बंदरगाह क्षेत्र में भारत के पहले मेक-इन-इंडिया हरित हाइड्रोजन संयंत्र कांडला में गर्व से शुभारंभ किया. हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेट ज़ीरो विज़न की दिशा में एक शक्तिशाली कदम. उल्लेखनीय है कि भारत ने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है.

पाकिस्तान में पुलिस चौकी पर आतंकी हमला, एक की मौत

▸ हमले में दो आतंकवादी भी मारा गया

इस्लामाबाद 3 अगस्त पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार तड़के एक पुलिस चौकी पर आतंकवादियों के हमले में एक पुलिसकर्मी और दो आतंकवादी मारे गए तथा चार पुलिस अधिकारी घायल हो गए.

पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 2.30 बजे प्रांत के बन्नू जिले में हुयी, जहाँ आतंकवादियों ने अचानक पुलिस चौकी पर मध्यम और भारी हथियारों से गोलीबारी कर दी । सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और लगभग 30 मिनट तक गोलीबारी जारी रही । इसके बाद तलाशी अभियान के दौरान, पुलिस ने गोलीबारी में मारे गए दो अज्ञात आतंकवादियों के शव बरामद किये. सूत्रों के अनुसार, हमले के दौरान आतंकवादियों के एक अन्य समूह ने उसी पुलिस थाना क्षेत्र में एक पुलिस गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. अभी तक किसी भी आतंकवादी समूह ने इन हमलों की ज़िम्मेदारी नहीं ली है.

VASTU HOUSING FINANCE

वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉपोरेशन लिमिटेड

यूनिट 203 और 204, द्वितीय तल, "ए" विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सिवरी (पश्चिम), मुंबई 400015. महाराष्ट्र। सीआईएन नं.: U65922MH2005PLC272501

कब्जा नोटिस

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 9 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एक मांग नोटिस जारी करता हूँ जिसमें नीचे उल्लिखित उधारकताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ नियम 9 के अंतर्गत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित संपत्ति का कब्जा नीचे उल्लिखित तिथि को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर तथा आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड शाखा द्वारा नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज, लागत आदि के प्रभार के अधीन होगा।

स. क्र.	उधारकर्ता का नाम, सह-उधारकर्ता और LAN नंबर	मांग नोटिस की तिथि और राशि	संपत्ति का विवरण	कब्जा करने की तिथि और प्रकार
1	सलमान खान, तस्लीम बी LP0000000165253 और LP0000000123766	24/अक्टूबर/2024 रु. 628131 और रु.1005096 09/अक्टूबर/2024 को	मकान संख्या 06/242, वार्ड संख्या 06, नया वार्ड संख्या 08, खान मोहल्ला, कस्बा आलोटे, जिला रतलाम, मध्य प्रदेश, 457114, क्षेत्रफल: 840 वर्ग फुट। उत्तर: आम रास्ता, दक्षिण: आम रास्ता, पूर्व: गोपाल का मकान, पश्चिम: इकबाल का मकान	भौतिक कब्जा 31/जुलाई/25 को लिया गया

दिनांक : 04.08.2025
स्थान : रतलाम

अधिकृत अधिकारी
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉपोरेशन लिमिटेड

कांवड़ यात्रा में मुख्यमंत्री साय पहुंचे

गुढ़ियारी से महादेव घाट तक भक्ति यात्रा

हजारों कांवड़िए हटकेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे

रायपुर, 3 अगस्त. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सावन मास के पवित्र अवसर पर राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी क्षेत्र में आयोजित कांवड़ यात्रा में शामिल हुए.

उन्होंने भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की. साय ने कहा कि आज मारूति मंगलम भवन, गुढ़ियारी से हटकेश्वरनाथ महादेव मंदिर तक हजारों की संख्या में कांवड़िए जलाभिषेक के लिए रवाना हुए हैं. उन्होंने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने का कार्य करता है और हमारे लोक-विश्वास की गहराई को प्रकट करता है. सावन महीने में कांवड़ यात्रा शिवभक्तों की आस्था, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें श्रद्धालु कई-कई किलोमीटर पदयात्रा कर भोलेनाथ को जल अर्पित करते हैं.

मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर के महादेव घाट स्थित भगवान हटकेश्वरनाथ महादेव का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत गहरा है. यहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में जलाभिषेक हेतु एकत्र होते हैं. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का अद्वितीय संगम है. कांवड़ यात्रा जैसी आयोजन न केवल परंपरा को सहेजते हैं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का भी संदेश देते हैं.

भाजपा दुष्कर्मियों को संरक्षण देना बंद करें

नई दिल्ली, 3 अगस्त. कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर दुष्कर्मियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जहां-जहां भाजपा सरकार है वहां दुष्कर्म का आंकड़ा बढ़ रहा है और भाजपा की सरकारें इन अपराधों को रोकने में नाकाम हो रही है. महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री पर निशान साधा और कहा कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगोड़ा के दुष्कर्म के आरोपी पौत्र प्रज्वल रमन्ना के लिए प्रचार कर लोगों से उसे वोट देने की अपील की हैं।

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.
(भारत सरकार का नवरत्न उपक्रम) (A Navratna Undertaking of Govt. of India)
एनएसआईसी न्यू एमडीबीपी बिल्डिंग, तीसरा तल, ओखला इंड. एस्टेट (एनएसआईसी ओखला मेट्रो स्टेशन के सामने), नई दिल्ली-110020

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

कॉनकॉर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु टेण्डरिंग की एक पैकेट प्रणाली में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

निविदा सं.	CON/Area-II/EP/ICD-Mandideep/E-91558/2025-26
कार्य का नाम	आईसीडी-मंडीदीप, भोपाल (मध्य प्रदेश) में सीसी पेवमेंट के साथ कच्चा यार्ड क्षेत्र का विकास।
अनुमानित लागत	रु. 380.09 लाख (जीएसटी सहित) — परिपूर्णन अवधि : 06 (छः) माह
धरोहर जमा राशि	रु. 3,40,045.00 (तीन लाख चालीस हजार पैंतालिस रुपये मात्र)
निविदा दस्तावेज की कीमत (अप्रतिदेय)	नगण्य
निविदा प्रक्रिया शुल्क (अप्रतिदेय)	रु. 3,540/- (सभी करों एवं प्रभारों सहित ई-भुगतान के माध्यम से)
निविदा बिक्री की तिथि (ऑनलाइन)	04.08.2025 (15:00 बजे से) 26.08.2025 (17:00 बजे तक)
निविदा जमा करने की तिथि व समय	27.08.2025 को 17:00 बजे तक
निविदा खुलने की तिथि एवं समय	28.08.2025 को 15:00 बजे

वित्तीय पात्रता मापदण्ड, समान प्रकृति के कार्य के संबंध में अनुभव, आदि, हेतु कृपया वेबसाइट www.concorindia.co.in पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना देखें परंतु पूरा निविदा दस्तावेज केवल वेबसाइट www.tenderwizard.com/CCIL से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त इस निविदा के बारे में शुद्धिपत्र/अनुशेष, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट www.concorindia.co.in, www.tenderwizard.com/CCIL तथा सेंट्रल प्रोक्योरमेंट पोर्टल (सीपीपी) पर प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए समाचार पत्र विज्ञापन जारी नहीं होगा।

कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएँ),
फोन नं.: 011-41222500

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/प) संभाग खरगोन

निविदा क्र.09/एस.एस.सी./2025-26/ खरगोन, दि. 31.07.2025

टेंडर कम ऑक्शन निविदा

निम्नलिखित कार्य हेतु टेंडर कम ऑक्शन पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

स.क्र.	निविदा सूचना क्र.	टेंडर नं.	कार्य का नाम	आफसेट वेल्यू	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	11	2025_PWDRB _440640_1	शासकीय महाविद्यालय बड़वाह जिला खरगोन में स्थित पुराने भवन को जमीदोज कर मलबा हटाने का कार्य।	रु.173328.00	रु. 3470.00	रु. 2000.00

निविदा के विस्तृत दस्तावेज एवं नियम व शर्ते वेबसाईट https://mptenders.gov.in से नि:शुल्क डाउनलोड की जा सकती है। निविदाकार को निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि केवल ई.भुगतान के माध्यम से ऑनलाईन ही जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र कय करने एवं बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक **11.08.2025 सांय 6. 00 बजे** तक निर्धारित है। आनलाईन निलामी की प्रारम्भ तिथि **दि. 13.08.2025 सुबह 10. 00** बजे से एवं अंतिम तिथि **दि.14.08.2025 सायं 6. 00** बजे तक निर्धारित है। किसी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन का प्रचार प्रसार केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा।

निविदा में प्राप्त सभी बिड/प्रस्ताव को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार मप्र लोक निर्माण विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

(इंजी. आकाश दुबे)
कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/प)
खरगोन संभाग खरगोन

जी -16666/25

भजनलाल ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

मुख्यमंत्री ने जोधपुर हाउस में लगाया बिल्व का पौधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिल्व जैसे पौधे धार्मिक और औषधीय दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में 'एक पेड़ मां के नाम' और 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत इस वर्ष दस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है. इसके तहत अब तक साढ़े सात करोड़ से अधिक पौधरोपण किया जा चुका है. उन्होंने कहा कि राज्य में हरियाली तीज के दिन ढाई करोड़ पौधे लगाकर एक रिकॉर्ड बनाया है जो प्रदेशवासियों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है. शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है. पौधरोपण सिर्फ एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हरित भविष्य देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है.

नई दिल्ली/जयपुर, 03 अगस्त. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली के जोधपुर हाउस में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बिल्व का पौधा लगाया.

शर्मा ने कहा कि बिल्व जैसे पौधे धार्मिक और औषधीय दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं. जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाने चाहिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में 'एक पेड़ मां के नाम' और 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है. अब तक साढ़े सात करोड़ से अधिक पौधरोपण किया जा चुका है. राज्य में हरियाली तीज के दिन ढाई करोड़ पौधे लगाकर एक रिकॉर्ड बनाया है जो प्रदेशवासियों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है. पौधरोपण सिर्फ एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हरित भविष्य देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है. इस दौरान मुख्यमंत्री ने हरियालो राजस्थान अभियान को और अधिक गति देने का आह्वान किया.

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बड़वानी (म.प्र.)
E-mail: eephedbar@mp.nic.in, Tel & Fax 07290.224203
नि. आ.सू. क्र./08/निविदा/का.यं./लोस्यायां/25-26 बड़वानी, 29.07.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से बड़वानी जिले में स्थित विभागीय जल परीक्षण प्रयोगशालाओं हेतु उपकरण क्रय करने हेतु आनलाईन निविदा सिस्टम टेण्डर न. 2025_PHED_438648_1 द्वारा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ पर आमंत्रित की गई है।

आनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि- 12.08.2025 17. 30 बजे
आर्नलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि- 12.08.2025 17.30 बजे
आर्नेलाईन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि- 13.08.2025 18. 00 बजे

निविदा फार्म उपर दर्शित वेबसाईट (Online System)क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एव उससे संबंधित विस्तृत जानकारी उपर दर्शायी गयी वेबासईट पर उपलब्ध है।

कार्यपालन यंत्री
लो.स्वा.यां. खण्ड बड़वानी

जी -16665/25

हर छंद में राष्ट्रप्रेम की अमर ध्वनि

जय भारत से गूंजता राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का संदेश

नईदिल्ली. राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की जयंती पर हम उन्हें कृतज्ञ हृदय से स्मरण करते हैं. उनकी रचनाओं में न केवल काव्य सौंदर्य है, बल्कि भारतीय संस्कृति, राष्ट्रप्रेम और आत्मबोध की गहराई भी समाहित है. योगी- हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी यह आत्मबोध पद्म भूषण राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की लेखनी का तेज था.

संस्कृति, संवेदना और राष्ट्रनिष्ठा से समृद्ध उनकी कालजयी रचनाएं युगों तक हमें संस्कारित करती रहेंगी. राष्ट्रकवि को उनकी पावन जयंती पर सादर नमन! अपनी अद्वितीय रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय व सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने वाले, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करता हूं. शिवराज सिंह चौहान -आपकी अनमोल रचनाएँ सर्वदा भारतीय संस्कृति व राष्ट्रीय जन-जागरण के तेजस्वी विचारों को पल्लवित करती रहेंगी. हिंदी के अनन्य सेवक को प्रणाम!

10 अगस्त से कैट का राष्ट्र व्यापी अभियान

नईदिल्ली. कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री के 'भारतीय सामान खरीदो और बेचो' की अपील को समर्थन देते हुए घोषणा की है कि 10 अगस्त से राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना है. कैट के दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में रविवार को यह निर्णय लिया गया. इसमें देश के 26 राज्यों के 150 से अधिक व्यापारी नेताओं ने भाग लिया. कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि विदेशी कंपनियों की एकाधिकारवादी नीतियों से बचकर यदि हम अपने देश के उत्पादों को बढ़ावा देंगे, तो इससे न केवल हमारा व्यापार मजबूत होगा.

TATA टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल मुंबई - 400013. CIN No. U67190MH2008PLC187552. Contact No. (022) 61827414, (022) 61827375
शाखा कार्यालय : 9/1/1, सुरज भवन, दूसरी मंजिल, यस बैंक के उपर, एम.जी. रोड़, इन्दौर -452001.

आधिपत्य सूचना (अचल संपत्तियों के लिये)
(प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के परिशिष्ट IV सपठित नियम 8(1) के अंतर्गत)

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) सपठित नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न ऋणी(यों) से नीचे उल्लेखित सूचना प्राप्ति दिनांक से 60 दिन के अंदर ऋण राशि अदा करने की मांग की गई थी।

ऋणी (यों) द्वारा राशि चुकाने में असफल रहने के कारण, ऋणी (यों) को विशेष रूप से आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे ऋणी (यों) ने **मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इन्दौर** द्वारा नीचे उल्लेखित सी.सी. नंबर में पारित आदेश के मद्देनजर न्यायालय आयुक्त/तहसीलदार के माध्यम से यहां वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है और उक्त तहसीलदार ने नीचे हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी को **भौतिक कब्जा** सौंप दिया है।

ऋणी(यों) को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि इन सम्पत्तियों के संबंध में कोई संव्यवहार न करें और यदि कोई संव्यवहार किया गया तो वह **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के ऋणी(यों) के समक्ष नीचे दर्शाई गई मांग सूचना दिनांक से ब्याज एवं दण्ड ब्याज, खर्चे, लागत अन्य के अधीन होगा।

ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

क्र.	ऋण खाता क्र.	बाध्यताधारीयों /कानूनी वारिसों/ कानूनी प्रतिनिधियों के नाम	मांग सूचना अनुसार राशि	मांग सूचना दि. / कब्जा दिनांक	आदेश दिनांक / केस नं.
1	9737976 & TCHIN028 40001002 97006	श्री कुणाल शर्मा (ऋणी) श्री चतुर्भुज शर्मा (सह-ऋणी)	Rs.9,43,580/- & Rs.2,40,355/-	14-10-2024 / 31-07-2025	01-07-2025 / MJCR 444/2025

अचल संपत्ति का विवरण: प्लाट नं. 81 के उत्तरी भाग की अचल संपति के समस्त भाग एवं अंश जो श्रीनाथ पैलेस, ग्राम पिपलिया कुमार तहसील एवं जिला इंदौर, मध्य प्रदेश में स्थित है, क्षेत्रफल 625 वर्ग फीट। **चतुर्सीमा:** पूर्व : कॉलोनी की सड़क, पश्चिम: प्लाट नं. 88, उत्तर: प्लाट नं. 80, दक्षिण: उक्त प्लाट का शेष भाग।

दिनांक : 31.07.2025
स्थान : इन्दौर (म.प्र.)

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
(जनकार्य विभाग)
ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 59/सिविल/ 25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-11 तक

निविदा आमंत्रण

दिनांक: 31.07.2025

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR/NON SOR, DATE 02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

ग्रुप क्र.	टेंडर क्र.	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि
01	2025_UAD_441220_1	झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 45 के अन्तर्गत अम्बेडकर नगर टंकी स्थित रुम में आवश्यक सिविल कार्य करना।	60 दिवस ₹1,94,041/-	₹1,000/- ₹3,900/-	18-08-2025 6.00 PM 20-08-2025
02	2025_UAD_441221_1	झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 11 के अन्तर्गत भागीरथपुरा में मुख्य मार्ग एवं रहवासी मार्ग की क्षतिग्रस्त सड़क एवं गड्ढों में जी.एस.बी. से रेस्टोरेशन का कार्य करना।	90 दिवस ₹2,09,580/-	₹2,000/- ₹2,100/-	18-08-2025 6.00 PM 20-08-2025
03	2025_UAD_441222_1	झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 14 के अन्तर्गत पल्हर नगर म.नं. 110 से 125 तक रोड का सीमेन्ट कांक्रीट करना।	90 दिवस ₹9,74,791/-	₹2,000/- ₹9,800/-	18-08-2025 6.00 PM 20-08-2025
04	2025_UAD_441223_1	झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 47 के अन्तर्गत बी. बिल्डर्स कॉलोनी स्थित मकान नं. 05 से म.नं. 27 तक जन सुविधा की दृष्टि से पेव्हर ब्लॉक लगाना।	90 दिवस ₹8,80,404/-	₹2,000/- ₹8,900/-	18-08-2025 6.00 PM 20-08-2025
05	2025_UAD_441224_1	झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 40 के अन्तर्गत खजराना मंदिर मुख्य मार्ग गणेशपुरी कॉलोनी में नाले तक की क्षतिग्रस्त सड़क के स्थान पर नवीन सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण करना।	90 दिवस ₹8,46,532/-	₹2,000/- ₹8,500/-	18-08-2025 6.00 PM 20-08-2025
06	2025_UAD_441226_1	झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 52 के अन्तर्गत खाती मोहल्ला म.नं. 02 पुल के पास गली में एवं म.नं. 03 वाली गली तक क्षतिग्रस्त सड़क का सिमेन्टीकरण का कार्य करना।	90 दिवस ₹6,18,395/-	₹2,000/- ₹6,200/-	18-08-2025 6.00 PM 20-08-2025
07	2025_UAD_441228_1	झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 46 के अन्तर्गत पंचम की फेल स्थित आंगनवाड़ी का जीर्णोद्धार एवं आवश्यक सिविल कार्य करना।	90 दिवस ₹6,13,551/-	₹2,000/- ₹6,200/-	18-08-2025 6.00 PM 20-08-2025
08	2025_UAD_441229_1	झोन क्र. 17 वार्ड क्र. 23 के अन्तर्गत लाल गली कोली मोहल्ला में संस्कार केन्द्र के पास बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण करना।	90 दिवस ₹5,19,429/-	₹2,000/- ₹5,200/-	18-08-2025 6.00 PM 20-08-2025
09	2025_UAD_441230_1	झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 40 के अन्तर्गत खजराना खेड़ी के कच्चे मार्ग पर सीमेन्ट कांक्रीट कार्य करना।	90 दिवस ₹4,30,055/-	₹2,000/- ₹4,400/-	18-08-2025 6.00 PM 20-08-2025
10	2025_UAD_441231_1	झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 42 के अन्तर्गत कल्पना लोक उद्यान के आस पास जल जमाव की समस्या के निराकरण हेतु स्ट्राम वॉटर लाईन डालना।	120 दिवस ₹19,44,381/-	₹2,000/- ₹14,600/-	18-08-2025 6.00 PM 20-08-2025
11	2025_UAD_441232_1	झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 55 के अन्तर्गत छोटी ग्वालटोली में पटेल चौराहा से सरवटे बस स्टेण्ड तक स्ट्राम वॉटर लाइन डालना।	120 दिवस ₹19,10,274/-	₹2,000/- ₹14,400/-	18-08-2025 6.00 PM 20-08-2025

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

अधीक्षण यंत्री
(जनकार्य विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर